पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

आसमा हुसैन इंस्टीट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

फैशन डिजाईनिंग का देश में बहुत बड़ा मार्केट है - राज्यपाल

लखनऊः 13 जनवरी, 2017

फैशन डिजाईनिंग महिलाओं को घर बैठे रोजगार उपलब्ध कराने तथा उनके सशक्तिकरण का अच्छा प्रयास है। फैशन डिजाईनिंग का देश में बहुत बड़ा मार्केट है। फैशन डिजाईनिंग के माध्यम से महिलायें नौकरी ढूढने के बजाय दूसरों को जीविकोपार्जन उपलब्ध कराने का जरिया बन सकती हैं। रोजगार सृजन की दृष्टि से यह क्षेत्र महिलाओं के लिये एक अच्छी पहल है। खाली समय में महिलायें अपने हुनर से आय के स्रोत बढ़ा सकती हैं। लखनऊ में चिकनकारी व जरदोजी का कार्य बढ़ रहा है। अच्छी ब्राडिंग और मार्केटिंग से इस व्यवसाय को और आगे बढ़ाया जा सकता है। प्रतिस्पर्धा के दौर में नये विचार के माध्यम से फैशन टेक्नोलॉजी को नया रूप दिया जा सकता है।

उक्त विचार उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज होटल क्लार्क अवध में आसमा हुसैन इंस्टीट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी के दीक्षान्त समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट की प्रबंध निदेशक श्रीमती आसमा हुसैन, पूर्व कुलपति श्री अनीस अंसारी, श्रीमती शहनाज हुसैन, क्रियेटिव डायरेक्टर आमिरा हुसैन, पूर्व मंत्री श्री अम्मार रिज़वी, उपाध्यक्ष राज्य योजना आयोग श्री नवीन चन्द्र बाजपेई सहित अन्य विशिष्टजन भी उपस्थित थे।

श्री नाईक ने कहा कि हस्तशिल्प का महत्व सांस्कृतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में देखा जा सकता है। देश को विरासत में मिली कला को संरक्षित करने की जरूरत है। वे 26 विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं और दीक्षान्त समारोहों में बराबर जाते हैं। दीक्षान्त समारोह में प्रायः यह देखा गया है कि 65 प्रतिशत पदक छात्रायें प्राप्त कर रही हैं। आज के दीक्षान्त समारोह की यह विशेषता है कि यहाँ एक भी छात्र नहीं है बल्कि केवल छात्रायें हैं। इंस्टीट्यूट के फैशन डिजाईनिंग कोर्स में लड़के भी आगे आयें। खुद का व्यवसाय शुरू करने में ऐसे कोर्स महत्वपूर्ण हैं। कम पूंजी लगाकर उत्कृष्ट कला के द्वारा आर्थिक स्थिति को सुधारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जो जितना सीखेगा उतना सफल होगा।

राज्यपाल ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि देश के संविधान ने 18 वर्ष से ऊपर की आयु के सभी नागरिकों को मतदान का अधिकार दिया है। इस प्राविधान के तहत चुनाव में नागरिकों को योग्य प्रतिनिधि और योग्य सरकार चुनने का अधिकार दिया गया है। गत विधान सभा एवं लोकसभा के चुनाव में यह पाया गया है कि लगभग 58 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि मतदान के अधिकार के साथ दायित्व का प्रयोग करते हुये शत-प्रतिशत मतदान करके उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनायें।

राज्यपाल ने इस अवसर पर फैशन डिजाईनिंग 2016 के लिये सुश्री अमरीन सिद्दीकी को स्वर्ण पदक, सुश्री हुदा अफजाल को रजत पदक तथा सुश्री मनीषा शर्मा को कांस्य पदक और फैशन डिजाईनिंग 2015 के लिये सुश्री रिजा फातिमा को स्वर्ण पदक, सुश्री उमामा फातिमा को रजत पदक तथा सुश्री सहर बानो को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अन्य श्रेणी के पुरस्कार भी वितरित किये गये।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्रीमती आसमा हुसैन ने इंस्टीट्यूट का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया एवं स्वागत उद्बोधन दिया तथा श्री अनीस अंसारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

अंजुम/ललित/राजभवन (15/15)

ASMA HUSSAIN
FASHION TECHNOLOGY
2017
SAJID MIRZA
ASMA HUSSAIN
HON' BLE GOVERNOR
ANIS ANSARI